**प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम**
**एवं जिला कलक्टर उदयपुर**
**निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.**

प्रकरण संख्याः 177/**2025** (अपील सूचना का अधिकार)

कैलाशचन्द्र रामावत पुत्र राधाकिशन रामावत पताः 869, निचली पोल, मेनार वाया खेरोदा, तहसील वल्लभनगर, उदयपुर

..............**अपीलार्थी**

**बनाम**

सहायक लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार वल्लभनगर, उदयपुर (राज.)

..................**प्रत्यर्थी**

## प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

# निर्णय

**दिनांकः** 22/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि दिनांक 18.09.2025 को एक प्रार्थना पत्र प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर तहसील कार्यालय वल्लभनगर से जनसुनवाई प्रकरण के संबंध में कार्यवाही, ग्राम पंचायत मेनार द्वारा जारी किये गये पट्टो के संबंध में आदेशों की प्रति, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवंटित आवास एवं स्वीकृत राशि, मनरेगा एवं विकास कार्यो से सबंधित पिछले 5 वर्षो का रिकॉर्ड आदि 10 विभिन्न बिन्दुओं पर सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करायी जाने से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र कमांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/177/25/1185–86 दिनांक 01.12.2025 एवं पत्रांक 179–80 दिनांक 02.02.2026 से लिखा गया। परन्तु प्रत्यर्थी द्वारा कोई प्रत्युत्तर अथवा सूचना आदिनांक तक इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई हैं।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा दिनांक 18.09.2025 को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन में 10 बिन्दुओं की सूचना चाही गई है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई अधिकतर सूचनाएं जैसे मनरेगा कार्य, ग्राम पंचायत द्वारा जारी किये गये पट्टे प्रधानमंत्री आवास योजना में खाताधारकों को आंवटित आवास एवं स्वीकृत राशि नरेगा एंव मनरेगा संबंधि कार्य, पंचायत द्वारा कराये गये निर्माण कार्य व क्रय की गई निर्माण सामग्री, पंचायत को प्राप्त सरकारी अनुदान, विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों की सूची एवं वर्ष 2000 से आज दिनांक तक ग्राम पंचायत की केशबुक की सूचनाएं है। प्रकरण में अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना अत्यधिक विस्तृत एवं अस्पष्ट है और व्यापक रूप से पूरे क्षेत्र के रिकॉर्ड को समाहित करती है। अपीलार्थी द्वारा किसी विशिष्ट भूमि/पट्टे या व्यक्ति विशेष के संबंध में सूचना नहीं मांगी जाकर व्यापक व्यक्तिगत दस्तावेजों की मांग की गई है।

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर, उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22388694
M e-Sign

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। साथ ही सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार वल्लभनगर को निर्देशित किया जाता है कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत निर्धारित नियमों/परिपत्रों अनुसार प्राप्त आवेदनों को निस्तारण करें एवं प्रथम अपील में भी निर्धारित समयावधि में प्रत्युत्तर भिजवाया जाना सुनिश्चित करे।

निर्णय की प्रति प्रति सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार वल्लभनगर एवं अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित की जावें।

प्रकरण फैसल शुमार हो। बाद कार्यवाही दफ्तर दाखिल हो।

(गौरव अग्रवाल)
**प्रथम अपील अधिकारी,**
**सूचना का अधिकार अधि. एवं**
**जिला कलक्टर, उदयपुर**

प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.22 12:57:31 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22388694
M e-Sign